# भगिनी निवेदिता महाविद्यालय में "मानवता के लिए श्रीरामचरितमानस" विषय पर संगोष्ठी एवं दोहावाचन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

भगिनी निवेदिता महाविद्यालय (दिल्ली विश्वविद्यालय) एवं संस्कृति संज्ञान के संयुक्त तत्वावधान में 22.09.2026 को महाविद्यालय सभागार में "मानवता के लिए श्रीरामचरितमानस" विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी एवं दोहावाचन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में छात्राओं ने श्रीरामचरितमानस के दोहों का सस्वर वाचन कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री कपिल खन्ना जी, अध्यक्ष, विश्व हिंदू परिषद (दिल्ली प्रांत) ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्रीरामचरितमानस केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानवता के लिए जीवन जीने की कला है। विशिष्ट अतिथि प्रो. हेमचंद जैन, प्राचार्य, दीन दयाल उपाध्याय महाविद्यालय ने रामचरितमानस की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।

महाविद्यालय की प्राचार्या एवं कार्यक्रम संरक्षक प्रो. रूबी मिश्रा जी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और छात्राओं को भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के आयोजक डॉ. प्रदीप कुमार सिंघल, राष्ट्रीय अध्यक्ष, संस्कृति संज्ञान एवं उनकी पूरी टीम के कुशल नेतृत्व में कार्यक्रम का सफल संचालन हुआ। कार्यक्रम की संयोजिकाएँ प्रो. सुषमा राणा (भारतीय ज्ञान प्रणाली केंद्र), प्रो. पूनम राठी (राजभाषा समिति) एवं डॉ. सीमा गुप्ता (मानसिक स्वास्थ्य क्लब) रहीं।

संगोष्ठी में वक्ताओं ने रामचरितमानस में निहित मानवीय मूल्यों और नैतिक शिक्षा पर अपने विचार व्यक्त किए। दोहावाचन प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया।

अंत में आयोजक मंडल ने सभी अतिथियों, निर्णायक मंडल, प्राध्यापकों एवं छात्राओं का आभार व्यक्त किया।


भगिनी निवेदिता महाविद्यालय
दिल्ली विश्वविद्यालय
एवं
संस्कृति संज्ञान
द्वारा आयोजित
संगोष्ठी
प्रो. रवी मिश्रा
कपिल खन्ना जी
प्रो. हेमचंद जैन
डॉ. प्रदीप कुमार सिंघल






राम चरित
मानस








संगोष्ठी


संस्कृति संज्ञान


SINGHAL EDUCATION TRUST
CAREER COUNSELLING



